दिन– बुधवार दिनांक– 01/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अंतर्गत बक्सर में दो सौ सत्तावन करोड़ रुपये की लागत वाली महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी दी।

02. राज्य सरकार ने बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद को भंग किया। नये पर्षद के गठन तक प्रशासक की नियुक्ति।

03. नये साल की शुरुआत को लेकर राज्यभर में उत्साह का माहौल। प्रमुख मंदिरों और पर्यटन स्थलों पर लोगों की उमड़ी भीड़।

04. और, रेलवे की नई समय सारणी आज से प्रभावी। दो हजार आठ सौ पचहत्तर यात्री ट्रेनों के नम्बर में हुआ बदलाव।

---

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अंतर्गत गंगा नदी के संरक्षण और कायाकल्प के लिए बक्सर में दो सौ सत्तावन करोड़ रुपये की लागत वाली एक महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी दी। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन–एनएमसीजी की उनसठवीं कार्यकारी समिति की बैठक में इस परियोजना को स्वीकृति दी गयी। एनएमसीजी के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल ने बताया कि इस पहल के तहत पचास मिलियन लीटर प्रतिदिन की क्षमता वाला अत्याधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और सहायक संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य नदी की स्वच्छता, सतत विकास और पर्यावरणीय तथा सांस्कृतिक महत्व के संरक्षण को बढ़ावा देना है।

---

राज्य सरकार ने बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद को भंग कर दिया है। नये पर्षद के गठन तक सचिव सह विधि परामर्शी को बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास अधिनियम के प्रावधान के तहत पर्षद का प्रशासक नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि पर्षद और इसके अध्यक्ष वैधानिक कर्तव्यों का समुचित निर्वाह नहीं कर रहे थे। इसके कारण सरकार ने पर्षद को विघटित कर दिया है।

---

नये साल की शुरुआत को लेकर आज राज्यभर में उत्साह का माहौल है। लोग नये संकल्पों के साथ नव वर्ष का स्वागत कर रहे हैं। वर्ष दो हजार पच्चीस का स्वागत करने के लिए विभिन्न ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण स्थलों को रंग बिरंगी रोशनी के साथ आकर्षक रूप से सजाया गया है। पटना जंक्शन स्थित हनुमान मंदिर समेत राजधानी के प्रमुख मंदिरों, गुरूद्वारों और गिरजाघरों में लोग सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि ठंड के बावजूद पिकनिक स्थलों पर चहल–पहल देखी जा रही है। पटना से हमारे संवाददाता ने बताया है कि राजधानी में लोगों की सुविधाओं के लिए विशेष इंतजाम किये गये हैं।

———रिपोट———

नालंदा के राजगीर में नव वर्ष के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने का सिलसिला जारी है।यहां ब्रहमकुंड और शांति स्तूप समेत विभिन्न पर्यटन स्थलों पर विशेष प्रबंध किये गये हैं। और ब्योरा हमारे संवाददाता.....

———रिपोर्ट———

इधर, कैमूर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि नव वर्ष को लेकर मां मुंडेश्वरी धाम समेत विभिन्न स्थानों पर लोगों का तांता लगा हुआ है।

———रिपोट———

नव वर्ष के  अवसर पर कैमूर पहाड़ी के प्राकृतिक मनोहारी छटाओं के बीच स्थित पिकनिक स्पॉट दुर्गावती जलाशय परियोजना, करकटगढ़ जलप्रपात, तेलहड़ा कुंड, मां मुंडेश्वरी धाम और कुछ अन्य स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग सुबह से ही पहुंचे हुए हैं। शांतिपूर्ण जश्न को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। आज मां मुंडेश्वरी धाम में दर्शन पूजन के लिए सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा है। धार्मिक न्यास समिति के सचिव अशोक सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए धाम में पेयजल, प्रकाश, साफ सफाई एवं सुरक्षा के बेहतर इंतजाम किए गए है। आकाशवाणी समाचार के लिए कैमूर से श्रीकांत पांडेय।

———————————————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नव वर्ष पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि नव वर्ष सभी के जीवन में नई उम्मीदों, सपनों और आकांक्षाओं के शुभारंभ का प्रतीक है। राष्ट्रपति मुर्मू ने लोगों से कहा कि वे प्रसन्नता और उत्साह के साथ नववर्ष का स्वागत करें और समाज तथा राष्ट्र को एकता और उत्कृष्टता के मार्ग पर आगे ले जाएं। उपराष्ट्रपति ने लोगों से राष्ट्र को सर्वोपरि रखने के संकल्प के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखते हुए

मजबूती के साथ आगे बढ़ने को कहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में वर्ष दो हजार चौबीस में भारत की उल्लेखनीय प्रगति और परिवर्तन को याद करते हुए इसे एक काव्यात्मक उत्सव का नाम दिया है।

———————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेशवासियों को नववर्ष की शुभकामना दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि नव वर्ष सभी के जीवन में सुख–शांति और समृद्धि लाए। श्री कुमार ने बिहार के निरंतर आर्थिक प्रगति और सामाजिक समरसता के पथ पर आगे बढ़े की कामना की है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने नव वर्ष पर लोगों को बधाई दी है। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भी प्रदेशवासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————————————————

रेलवे की नई समय सारणी आज से प्रभावी हो गयी है। नई व्यवस्था के अनुसार दो हजार आठ सौ पचहत्तर यात्री ट्रेनों के नम्बर में बदलाव किया गया है। इसके अलावा कई ट्रेनों के स्टेशन से चलने और गंत्वय स्टेशनों तक पहुंचने के समय में भी परिवर्तन किया गया है। नये समय सारणी के अनुसार आज से डिब्रुगढ़–राजधानी एक्सप्रेस, पाटलिपुत्र स्टेशन से शाम चार बजकर पंद्रह मिनट के बदले चार बजकर पांच मिनट पर रवाना होगी। इसी तरह आनंद विहार जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन दानापुर स्टेशन से अपराह्न चार बजे की जगह तीन बजकर पचास मिनट पर प्रस्थान करेगी। इधर, रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए पंद्रह जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की परिचालन अवधि इकतीस जनवरी तक बढ़ा दी है। इनमें दानापुर–सहरसा, सहरसा–पूर्णिया, मोकामा–किउल, राजगीर–किउल, पाटलिपुत्र–गया और पटना–थावे स्पेशल ट्रेन सहित कई ट्रेनें शामिल हैं। इधर, पटना से दुमका के बीच चलने वाली पटना–दुमका एक्सप्रेस ट्रेन अब प्रतिदिन चलेगी।

———————————————————————————————

सर्द पछुआ हवा के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में ठंड में बढ़ोतरी जारी है। राजधानी पटना समेत राज्य के कई जिलों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कमी

दर्ज की गयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गयी है। इस अवधि में सहरसा का अगवानपुर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, यहां का न्यूनतम तापमान आठ दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान चौदह दशमलव दो डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने कहा है कि नव वर्ष के दौरान एक हप्ते तक तापमान में गिरावट का सिलसिला जारी रहेगा। इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। आज से प्रदेश के उत्तर–पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने के आसार है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

गुरू गोविंद सिंह जी महाराज के तीन सौ अंठावनवें प्रकाश उत्सव समारोह को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। तख्त श्री हरिमंदिर साहिब गुरूद्वारा प्रबंधक कमिटि के गुरूविंदर सिंह ने बताया कि प्रकाश उत्सव के तहत चार जनवरी को बडी प्रभात फेरी और पांच जनवरी को नगर कीर्तन शोभा यात्रा निकाली जायेगी।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

गुजरात के बड़ोदरा में तीन से ग्यारह जनवरी तक आयोजित होने वाली यूथ नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप के लिए बिहार टीम की घोषणा कर दी गयी है। बालक–बालिकाओं के कोच समेत बारह खिलाड़ी शामिल हैं।

इधर, दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय लॉन बॉल चैंपियनशिप में बिहार की सीनियर विमेन्स टीम ने कांस्य पदक जीता है।

हैदराबाद में खेले गए विजय हजारे ट्रॉफी के लिस्ट ए–मैच में बिहार को हैदराबाद से हार का सामना करना पड़ा है। कांटे के मुकाबल में हैदराबाद ने बिहार को छत्तीस रनों से पराजित कर दिया।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने नये साल में प्रदेश की ग्रामीण सड़कों के विकास की खबर को अपनी सुर्खी बनाते हुए लिखा है – राज्यों में सड़कों की गुणवत्ता सुधरेगी और अधिक टिकाऊ भी होगी। अखबार लिखता है– यातायात भार के सर्वे बाद ग्रामीण सड़कों की डीपीआर।

**दैनिक जागरण** की प्रमुख खबर है – विकसित भारत का मजबूत पायदान बनेगा दो हजार पच्चीस।

**दैनिक भास्कर** का शीर्षक है – एक से सात जनवरी तक स्कूलों में योगदान देंगे विशेष शिक्षक। शिक्षा विभाग ने जारी की गाईड लाइन।

**प्रभात खबर** ने लिखा है – नया साल नई सुविधाएं, सपनों को हकीकत में बदलते देखेंगे बिहारवासी।

**आज अखबार और राष्ट्रीय सहारा** की सुर्खी है – मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नये राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से की मुलाकात।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अंतर्गत बक्सर में दो सौ सत्तावन करोड़ रुपये की लागत वाली महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी दी।

02. राज्य सरकार ने बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद को भंग किया। नये पर्षद के गठन तक प्रशासक की नियुक्ति।

03. नये साल की शुरुआत को लेकर राज्यभर में उत्साह का माहौल। प्रमुख मंदिरों और पर्यटन स्थलों पर लोगों की उमड़ी भीड़।

04. और, रेलवे की नई समय सारणी आज से प्रभावी। दो हजार आठ सौ पचहत्तर यात्री ट्रेनों के नम्बर में हुआ बदलाव।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।